अपना शहर अपना खबर

वर्ष :-2
अंक:-35
1, मार्च,2026
रविवार

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## रंगों के पर्व पर कड़ा पहरा: अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।होली पर्व 2026 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिला समाहरणालय सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने की।

बैठक में जिला शांति समिति के गणमान्य सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव देते हुए होली पर्व को भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। प्रशासन द्वारा बताया गया कि इस वर्ष 2 मार्च को होलिका दहन, 3 एवं 4 मार्च को होली तथा 5 मार्च को झुमटा एवं मटका फोड़ कार्यक्रम मनाया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि होली आपसी प्रेम और हर्षोल्लास का पर्व है, जिसे शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाना चाहिए। उन्होंने समिति के सदस्यों के सहयोग की सराहना करते हुए अनुरोध किया कि किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत जिला या पुलिस प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। गश्ती दलों को सक्रिय रखा जाएगा तथा बाइक पेट्रोलिंग के माध्यम से गलियों में भी निगरानी की जाएगी। भीड़भाड़ वाले स्थानों और रेलवे स्टेशन पर सुबह एवं देर रात विशेष पेट्रोलिंग की व्यवस्था रहेगी।होली के दौरान डीजे एवं अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। टेंपो एवं ई-रिक्शा में अश्लील गीत बजाते पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी ताकि अफवाहों पर रोक लगाई जा सके। लहरिया कट चलाने वाले बाइकर्स के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी।

मादक पदार्थों की आपूर्ति रोकने के लिए वाहनों की जांच तेज की जाएगी। होलिका दहन को देखते हुए अग्निशमन वाहन अलर्ट मोड में रहेंगे तथा अस्पतालों को भी तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। बिजली विभाग को ढीले तारों को दुरुस्त करने का आदेश दिया गया है। नगर निगम एवं नगर पंचायतों को साफ-सफाई, पानी, बिजली और सीसीटीवी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सहायक प्रशिक्षु समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## बच्चों के स्वास्थ्य पर फोकस: नालंदा में आयुष कार्यक्रम की रूपरेखा तय



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।राज्य आयुष समिति, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के निर्देश तथा जिलाधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में 28 फरवरी को उप विकास आयुक्त शुभम कुमार की अध्यक्षता में पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम के क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि जिले के 13 विद्यालयों में 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयुर्विद्या कार्यक्रम तथा एक चयनित गांव में आयुष ग्राम कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके सफल संचालन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने, आयुष चिकित्सकों का रोस्टर तैयार करने और चिन्हित स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया।

आयुर्विद्या कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों में सकारात्मक जीवनशैली और समग्र स्वास्थ्य के लिए आयुष पद्धति को बढ़ावा दिया जाएगा। बच्चों की स्वास्थ्य जांच, विकास की निगरानी, आहार, नींद और शारीरिक मुद्रा पर मार्गदर्शनदिया जाएगा। साथ ही योग, मानसिक स्वास्थ्य प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

आयुष ग्राम योजना के तहत चयनित गांव में आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति उन्मुखीकरण कार्यक्रम, योग, पोषण तथा हर्बल गार्डन की जानकारी दी जाएगी और सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

बैठक में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, आईसीडीएस एवं जिला स्वास्थ्य समिति सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## कल्याण बिगहा थाना में शांति समिति की बैठक, डीजे पर प्रतिबंध

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कल्याण बिगहा थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने की।बैठक में होलिका दहन से लेकर होली तक विधि-व्यवस्था बनाए रखने, सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने तथा डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने पर चर्चा की गई। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि होली खुशियों और भाईचारे का पर्व है, इसे शांति एवं अनुशासन के साथ मनाया जाए। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान थाना परिसर में होली मिलन समारोह भी आयोजित हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर सौहार्द का संदेश दिया।

बैठक में बराह पंचायत की मुखिया सीता देवी के सहयोगी कमलेश कुमार उर्फ पिंटू यादव, जदयू नेता रविशंकर कुमार, अवधेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।प्रशासन ने आमजन से अपील की कि पर्व को प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ मनाएं, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।


## होटल के पीछे झाड़ियों से विदेशी शराब बरामद, संचालक गिरफ्तार

चंडी (अपना नालंदा)।

चंडी थाना क्षेत्र के माधोपुर बाजार स्थित एक होटल के पीछे से पुलिस ने अवैध विदेशी शराब बरामद करते हुए कार्रवाई की है। शुक्रवार दोपहर गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। तलाशी के दौरान होटल के पीछे झाड़ियों में काले रंग की प्लास्टिक में छुपाकर रखी गई कुल 4.415 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई।

बरामद शराब में 8 पीएम प्रीमियम ब्लैक की तीन बोतलें (कुल 540 मिलीलीटर), रॉयल चैलेंज व्हिस्की की एक बोतल (375 मिलीलीटर) समेत अन्य ब्रांड की बोतलें शामिल हैं। पुलिस को देखते ही एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे बल प्रयोग कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसकी पहचान रवि कुमार के रूप में हुई, जो संबंधित होटल का संचालन करता है। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी,लेकिन कोई भी स्वतंत्र गवाह बनने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी करते हुए जब्ती सूची तैयार की औरशराब को थाना लाया गया।

इस मामले में होटल संचालक रवि कुमार, चौकीदार पिंटू कुमार तथा विपिन कुमार के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की गई है। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध शराब के भंडारण, सेवन और बिक्री में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।



SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

अपना शहर अपना खबर
# अपना नालन्दा
रविवार
1, मार्च,2026


# माता सुशीला इंस्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन में 'पाठ योजना' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



संजय कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शनिवार को माता सुशीला इंस्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन, सैयदवहरी (हिलसा) के श्री राम सिंह सभागार में बी.एड. सत्र 2025-27 प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय "पाठ योजना" रहा, जिसका उद्देश्य भावी शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण पद्धति की जानकारी देना था।

कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षुओं ने पोस्टर प्रस्तुति के माध्यम से पाठ योजना के विभिन्न आयामों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सुव्यवस्थित पाठ योजना से कक्षा शिक्षण को सरल, रोचक और परिणामदायी बनाया जा सकता है। कार्यक्रममें गौतम ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अभिजीत कुमार "गौतम" ने कहा कि पाठ योजना शिक्षक की एक महत्वपूर्ण कला है। इसके माध्यम से शिक्षक अपने शिक्षण कार्य को सुनियोजित ढंग से संचालित करते हैं और विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान देते हैं।इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. विश्वमोहन कुमार ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक सफल शिक्षक वही है जो पूर्व तैयारी के साथ कक्षा में प्रवेश करता है। सहायक प्राध्यापक डॉ. अरूण कुमार, अरविन्द कुमार यादव, सर्वेन्द्र कुमार एवं हरेन्द्र प्रसाद यादव ने भी पाठ योजना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में सभी प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर अध्ययन एवं अभ्यास के लिए प्रेरित किया गया।









अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा
रविवार
1, मार्च,2026


# नालंदा अभियंत्रण महाविद्यालय में विज्ञान दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान समारोह



चंडी (अपना नालंदा)। नालंदा अभियंत्रण महाविद्यालय, चंडी में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन की स्मृति में आयोजित किया जाता है, जिन्होंने वर्ष 1928 में रमन प्रभाव की खोज की थी और वर्ष 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया था।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. राजेश रंजन सिन्हा ने मानव जीवन में विज्ञान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा बिहार काउंसिल ऑन साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित सर सी. वी. रमन टैलेंट सर्च टेस्ट इन साइंस में चयनित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। डिपार्टमेंट ऑफ अप्लाइड साइंस एंड ह्यूमैनिटीज की विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी ममता ने डॉ. रमन के जीवन एवं उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए इस वर्ष की थीम "वूमेन इन साइंस: कैटालाइजिंग विकसित भारत" की महत्ता बताई। कार्यक्रम के समन्वयक मो. शाहिर मल्लिक ने सभी शिक्षकों, छात्रों और स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अजय कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुषमा कुमारी, डॉ. धीरेन्द्र कुमार, डॉ. ब्रजेश कुमार, श्वेता कुमारी, कुमार सचिन यादव उपस्थित रहे। मंच संचालन सीएसई द्वितीय सेमेस्टर के छात्र प्रणव कुमार मिश्रा ने किया। आयोजन की सफलता में स्टूडेंट वॉलिंटियर्स उत्कर्ष, गौरव, ऋचा, रिया, अंजलि, बबली, शशांक, सुमित एवं अनिल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर महिला वैज्ञानिकों की भूमिका पर संगोष्ठी




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।चंडी प्रखंड स्थित रूरल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, शेखपुरा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर "Women in Science: Catalysing Viksit Bharat" विषय पर भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रीय गान से हुई, इसके बाद दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में संस्थान के सचिव अरुण कुमार, अध्यक्ष निरुपमा सिन्हा, प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार, मंच संचालन कर रहे आनंद कुमार, शिक्षक प्रमोद यादव, योगेंद्र पाल, मृत्युंजय कुमार, सिकंदर कुमार, शाकम्बरी शिवम तथा राजेंद्र पटेल सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने विज्ञान विषय पर पोस्टर प्रस्तुतीकरण किया, जिसमें महिला वैज्ञानिकों की उपलब्धियों और विकसित भारत के निर्माण में उनकी भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया।

सचिव अरुण कुमार ने कहा कि विज्ञान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी सामाजिक समानता और प्रगति का प्रतीक है। अध्यक्ष निरुपमा सिन्हा ने महिलाओं के वैज्ञानिक योगदान को विकसित भारत की आधारशिला बताया। प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने छात्राओं में वैज्ञानिक सोच और आत्मविश्वास विकसित करने पर बल दिया। शिक्षक प्रमोद यादव ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अंधविश्वास दूर करने का माध्यम बताया, जबकि योगेंद्र पाल ने छात्राओं को अवसर और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

अंत में सभी ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने तथा महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।









# सरमेरा के तिरंगा पैलेश में अतिपिछड़ा विकास मंच का होली मिलन




बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।
नालंदा जिले के सरमेरा प्रखंड स्थित तिरंगा पैलेश में शनिवार को अतिपिछड़ा विकास मंच की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी सीताराम सिंह चंद्रवंशी ने की।

सभा को संबोधित करते हुए सीताराम सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का पर्व है। जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक सभी लोग आपस में रंग और अबीर लगाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। अरविंद धानुक ने भी जिलेवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जिस दिन मूल अतिपिछड़ा समाज संगठित हो जाएगा, उस दिन उसकी राजनीतिक भागीदारी मजबूत होगी। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री आर सी पी सिंह के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुएकहा कि वे उनकी विश्वसनीयता के साथ खड़े रहेंगे।

श्रीकांत प्रसाद ने कहा कि आर सी पी सिंह ने समाज की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। उन्होंने सभी से एकजुट होकर होली मनाने की अपील की।

समारोह में अमोद कुमार, रामाश्रय प्रसाद सिंह, श्रवण कुमार, सुदामा महतो, संदीप कुमार, सोनू कुमार, जितेंद्र प्रसाद नायक, अर्जुन प्रसाद, नवीन कुमार, बलिराम मिस्त्री, विरमणि राउत, योगेंद्र प्रसाद, डॉ. विनोद कुमार, दिलीप कुमार, तुलसी महतो और कृष्णनंदन महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आशीर्वाद लिया और सौहार्दपूर्ण वातावरण में समारोह संपन्न हुआ






# इकरा इंग्लिश अकादमी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न




मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। वहीद उद्दीन एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित बुरहानगर स्थित इकरा इंग्लिश अकादमी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया।

क्रीड़ा प्रभारी मैहर फातिमा एवं कशमीरी नाज ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन चेयर रेस, कप एंड बॉल तथा मेरिट रेस का आयोजन हुआ। दूसरे दिन सुई रेस, मेंढक दौड़, जलेबी दौड़, नंबर गेम और बोतल बैलून रेस आयोजित की गई। तीसरे दिन लड़कियों एवं सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया। लड़कों की कबड्डी प्रतियोगिता, क्रिकेट मैच तथा अन्य मेरिट प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। चेयर रेस में मदीहा, अलीशा, अब्दाली और आलिया विजेता रहीं। कप एंड बॉल में बनिया, हम्माद, अफजल, अल आफिजा अफजल और युसूफ आलम ने सफलता प्राप्त की। 100 मीटर दौड़ में अयान, युसूफ, इब्राहिम, तौफीक और खुमैजा अव्वल रहे। बैलून बॉल में खंसा फातिमा और अयान अकबर विजयी हुए। कैरम बोर्ड में मोहम्मद अली, अयान आलम, मसूद और युसूफ अख्तर ने बाजी मारी। सुई रेस में आफरीन परवीन और वारिस परवीन विजेता रहीं।

लड़कियों की कबड्डी में सीधा प्रवीण टीम, लड़कों की कबड्डी में साकिब की टीम तथा क्रिकेट में युसूफ अख्तर की टीम विजेता रही। अंत में अनवर मुजीब एवं रशीद अनवर ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन ने

# पांडु पोखर में 'रंग दे राजगीर' कार्यक्रम, महिलाओं ने मनाई सौहार्दपूर्ण होली




राजगीर (अपना नालंदा)। राजगृह महिला मंच क्लब की ओर से शनिवार को पांडु पोखर, राजगीर में होली के शुभ अवसर पर 'रंग दे राजगीर' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य होली के पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए महिलाओं के बीच एकता, सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद राजगीर की सभापति जीरो देवी तथा भारत सरकार से सम्मानित बरनौसा पंचायत की मुखिया संध्या सिंह ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद उपस्थित महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक गीत-संगीत के साथ उत्सव का आनंद उठाया।इस अवसर पर पार्षद कविता कुमारी, पार्षद मनीषा कुमारी, क्लब की अध्यक्ष अंतरा साव, उपाध्यक्ष संध्या सिंह, सचिव एवं समाजसेवी अनिता कुमारी गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रियंका सिंह, समन्वयक ममता कुमारी और एडिटर कंचन कुमारी मौजूद रहीं। साथ ही गीता कुमारी, सीमा गुप्ता, अनुपमा कुमारी, निशि कुमारी, हर्षिता, प्राची, पूनम और काजल कुमारी सहित राजगीर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं और बालिकाएं कार्यक्रम में शामिल हुईं।उपस्थित सभी लोगों ने होली के रंगों के साथ सामाजिक एकता और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।






# मानवीय संबंधों और जीवन की वास्तविकताओं पर चिंतन करने का अवसर देता है "द सिडक्शन"



पटना(अपना नालंदा)।नाट्य संस्था विश्वा, पटना जो पिछले 15 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय है,
तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव 'विश्वोत्सव 2025-26' का आयोजन कर रही है।जिसमे आज दिनांक 27 फरवरी 2026 को संध्या 6:30 बजे, इमेजिनेशन स्कूल ऑफ़ ड्रामा एंड फिल्म मेकिंग, इ1, देश रतन पथ, SBI ऑफिसर्स कॉलोनी, कंकड़बाग़, विजय नगर, पटना-800026 में आंतोन चेखव लिखित नाटक " द सिडकशन " की प्रस्तुति की गई। जिसका निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया है।"द सिडक्शन" मानवीय भावनाओं, लालच और यथार्थ के टकराव का सजीव चित्रण है। यह नाटक एक ग्रामीण पृष्ठभूमि में घटित होता है, जहां पात्रों के बीच की बातचीत से समाज की गहराइयों और मानवीय कमजोरियों का पता चलता है।
नाटक का मुख्य पात्र एक चालाक और तेजतर्रार पुरुष है, जो अपनी बातों और चतुराई से महिलाओं को आकर्षित करता है।
वह दूसरों को अपने प्रभाव में लेकर अपने फायदे के लिए उनका इस्तेमाल करता है।
लेकिन चेखव की शैली के अनुसार, यह नाटक केवल सतही घटनाओं पर नहीं रुकता। इसकी गहराई में पात्रों की भावनात्मक उलझनों और उनके निर्णयों के पीछे छिपे कारणों की विवेचना की गई है।"द सिडक्शन" हास्य, व्यंग्य और त्रासदी का अनोखा मिश्रण है। यह न केवल मानवीय स्वभाव के विरोधाभासों को उजागर करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे लोग अपने हितों के लिए दूसरों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। इस नाटक में चेखव ने जीवन के साधारण क्षणों को एक गहरी दृष्टि से प्रस्तुत किया है, जो दर्शकों को अपने जीवन के बारे में सोचने पर मजबूर कर देता है।इस नाटक का अंत अप्रत्याशित और विचारोत्तेजक है, जो दर्शकों को मानवीय संबंधों और जीवन की वास्तविकताओं पर चिंतन करने का अवसर देता है।
मंच पर,रंगोली पाण्डेय, आदिल रशीद एवं राजेश राजा, मंच परे :पार्श्व ध्वनि : राहुल आर्यन,प्रकाश : रेयाज़ अहमद,रूप सज्जा : तन्नु आशमी,वस्त्र विन्यास : आदित्य,
मंच निर्माण : सुनील जी,पूर्वाभ्यास प्रभारी : शशांक शेखर एवं अभिषेक मेहता,प्रस्तुति : विश्वा, पटना,लेखक : आंतोन चेखव
निर्देशन : राजेश नाथ राम हैं।इमेजिनेशन पटना एवं कुंदन कुमार को धन्यवाद दिया गया।

# राजेंद्र आश्रम में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि मनाई

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।शनिवार को नालंदा जिला कांग्रेस कार्यालय, राजेंद्र आश्रम बिहारशरीफ में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 63वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने की।
नरेश प्रसाद अकेला ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद अपनी सादगी, ईमानदारी और विनम्रता के लिए सदैव याद किए जाते हैं। वे स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और कुशल प्रशासक थे। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके योगदान के लिए उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। वे भारत छोड़ो आंदोलन में जेल भी गए और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद की



जिम्मेदारी भी संभाली।
इस अवसर पर रमेश पासवान, राजीव कुमार मुन्ना, डॉ. अवधेश प्रसाद, ओंकार शास्त्री, मोहम्मद इम्तियाज आलम (अधिवक्ता), मोहम्मद ईजाद खान, संतु कुमार, अनिल चंद्रवंशी, प्रभात कुमार वर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।
कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के वातावरण में संपन्न हुआ।

# बारूद की लकीर पर खड़े दो पड़ोसी: क्या युद्ध की आहट से निकलेगा शांति का रास्ता: चौरसिया

## सीमा से संसद तक तनाव: पाकिस्तान-अफगान टकराव से बदलती दक्षिण एशिया की सियासत

पटना(अपना नालंदा)। वरिष्ठ पत्रकार चंदन चौरसिया ने कहा कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तेज़ हुए सैन्य तनाव ने दक्षिण एशिया की भू-राजनीति को एक बार फिर अस्थिरता के मुहाने पर ला खड़ा किया है। सीमा पार हमले, जवाबी कार्रवाई, ड्रोन और हवाई हमलों के दावे इन सबने हालात को ओपन वॉर जैसी गंभीर स्थिति में पहुंचा दिया है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगान धरती से संचालित तत्व उसकी सुरक्षा को चुनौती दे रहे हैं, जबकि अफगान पक्ष इसे अपनी संप्रभुता पर हमला मानता है। वास्तविकता यह है कि दोनों देशों के बीच अविश्वास का इतिहास लंबा है। ड्यूरंड लाइन की वैधता, सीमाई इलाकों में उग्रवाद, और रणनीतिक गुटबंदी जैसे मुद्दे वर्षों से सुलगते रहे हैं। वर्तमान टकराव उसी असंतोष का विस्फोट है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यह संघर्ष केवल सैन्य नहीं, बल्कि राजनीतिक और वैचारिक भी है। जब दो अस्थिर अर्थव्यवस्थाएँ हथियारों की भाषा में संवाद करती हैं, तो उसका बोझ सीमावर्ती नागरिकों, शरणार्थियों और क्षेत्रीय व्यापार पर पड़ता है। इस टकराव ने पहले ही सीमा चौकियों, आपूर्ति श्रृंखलाओं और मानवीय राहत के रास्तों को प्रभावित किया है। यदि तत्काल संयम नहीं बरता गया, तो यह आग सीमाओं से बाहर फैलकर व्यापक क्षेत्रीय संकट का रूप ले सकती है।
चौरसिया ने कहा कि भविष्य की दिशा इस बात पर निर्भर करेगी कि दोनों देश सैन्य दबाव को राजनीतिक संवाद में बदल पाते हैं या नहीं। अल्पकाल में तनाव और बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता विशेषकर तब, जब घरेलू राजनीति में सख़्त रुख़ को लोकप्रिय समर्थन मिलता हो। पाकिस्तान के भीतर सुरक्षा प्रतिष्ठान पर दबाव है कि वह आतंकी ढांचे के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई दिखाए; वहीं अफगान नेतृत्व के सामने अपनी संप्रभुता और वैधता सिद्ध करने की चुनौती है। ऐसे में किसी भी छोटी घटना का बड़ा सैन्य विस्तार संभव है। दीर्घकाल में, यदि संघर्ष जारी रहता है, तो इसका असर तीन स्तरों पर दिखेगा पहला, उग्रवादी नेटवर्क का पुनर्संरचन; दूसरा, शरणार्थी संकट और मानवीय दबाव; तीसरा, क्षेत्रीय शक्तियों की सक्रिय दखल। ईरान, मध्य एशियाई देश, चीन और पश्चिमी शक्तियाँ अपने-अपने हितों के



अनुरूप समीकरण साधने की कोशिश करेंगी। दक्षिण एशिया में अस्थिरता भारत सहित सभी पड़ोसियों के लिए चिंता का विषय बनेगी, क्योंकि किसी भी तरह की अराजकता सीमा-पार गतिविधियों और सुरक्षा चुनौतियों को बढ़ा सकती है। आर्थिक दृष्टि से भी यह संघर्ष दोनों देशों को भारी कीमत चुकवाएगा रक्षा व्यय में वृद्धि, निवेश में गिरावट और विकास योजनाओं पर विराम।
चंदन चौरसिया ने कहा कि समाधान का रास्ता कठिन अवश्य है, पर असंभव नहीं। इतिहास बताता है कि सबसे तीखे संघर्ष भी अंततः संवाद की मेज पर ही सुलझते हैं। यदि दोनों पक्ष चाहें, तो चरणबद्ध युद्धविराम, तटस्थ मध्यस्थ की मौजूदगी और सीमा सुरक्षा पर संयुक्त तंत्र की स्थापना से शुरुआत हो सकती है। एक संभावित रूपरेखा यह हो सकती है कि पहले सीमाई क्षेत्रों में तत्काल सीज़फायर लागू किया जाए, फिर सुरक्षा अधिकारियों के स्तर पर विश्वास-निर्माण बैठकें हों, और उसके बाद राजनीतिक नेतृत्व की औपचारिक वार्ता। संयुक्त निगरानी तंत्र, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान और उग्रवादी समूहों पर ठोस कार्रवाई की पारदर्शी व्यवस्था ये कदम विश्वास बहाली के मूल आधार बन सकते हैं। कूटनीति की इस प्रक्रिया में क्षेत्रीय मंचों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की रचनात्मक भूमिका भी अहम होगी। अंततः प्रश्न यह नहीं है कि कौन जीतेगा, बल्कि यह है कि क्या दोनों देश अपने नागरिकों को स्थिर और सुरक्षित भविष्य दे पाएंगे। यदि संवाद की खिड़की शीघ्र नहीं खोली गई, तो यह टकराव केवल दो देशों का नहीं, पूरे क्षेत्र की शांति का संकट बन सकता है। दक्षिण एशिया को आज सैन्य शक्ति से अधिक राजनीतिक विवेक की आवश्यकता है क्योंकि शांति ही वह विकल्प है जो स्थायी सुरक्षा और विकास की राह खोल सकता है।

# थरथरी में बिजली चोरी पर सघन छापेमारी, चार पर प्राथमिकी

थरथरी (अपना नालंदा)।थरथरी थाना क्षेत्र के दो गांवों में शुक्रवार देर शाम बिजली चोरी के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता संकेत कुमार ने किया। कार्रवाई के दौरान कुल चार लोगों को अवैध रूप से टोका फंसाकर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। सभी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाना में आवेदन दिया गया है तथा कुल 87 हजार 225 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।
कनीय अभियंता संकेत कुमार ने बताया कि पुरन्दरपुर निवासी अरविंद केवट पर 33,179 रुपये तथा कझियावां गांव निवासी महेश प्रसाद पर 18,155 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं पूजा कुमारी पर 27,711 रुपये और रविन्द्र कुमार पर 8,180 रुपये का अर्थदंड निर्धारित किया गया है। चारों उपभोक्ताओं पर अवैध तरीके से बिजली उपयोग करने का

अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा
रविवार 8
1, मार्च,2026

# नालंदा कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर नवाचारों की गूंज

## 150 विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल और पोस्टर



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ में शनिवार को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन महान भारतीय वैज्ञानिक सी.वी. रमन की स्मृति में तथा विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। पूरे परिसर में विज्ञान के प्रति उत्साह और जिज्ञासा का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पहली श्रेणी पोस्टर प्रस्तुति की थी, जिसमें छात्रों ने विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों तथा समसामयिक वैज्ञानिक विषयों को चित्रों और आलेखों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। दूसरी श्रेणी मॉडल प्रदर्शनी की थी, जिसमें विद्यार्थियों ने कार्यशील मॉडलों के माध्यम से भविष्य की तकनीकों, स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कई मॉडलों ने निर्णायकों और दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।



विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे सोचने और समस्याओं को हल करने के तरीके में भी परिलक्षित होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को तर्कशीलता, अनुसंधान और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य वक्ता के रूप में पटना विमेंस कॉलेज की डॉ. अमृता उपस्थित रहीं। उन्होंने आधुनिक युग में विज्ञान की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का समय नवाचार और तकनीकी प्रगति का है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सोच को अपनाकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

इस अवसर पर लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को दो प्रमुख श्रेणियों में विभाजित किया गया था।

कार्यक्रम की सफलता में विज्ञान संकाय के सभी विभागों—भौतिकी, रसायन शास्त्र एवं जीव विज्ञान—के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रयोगशाला सहायकों ने तकनीकी व्यवस्थाओं और प्रयोगों के प्रदर्शन में सक्रिय सहयोग दिया। निर्णायक मंडल ने पोस्टर और मॉडलों की गुणवत्ता, प्रस्तुति शैली और विषय की उपयोगिता के आधार पर विजेताओं का चयन किया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर अनिर्बन चटर्जी, प्रोफेसर एस.एस. झा, प्रोफेसर सुमित कुमार तथा प्रोफेसर उपेंद्र मंडल सहित कई शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्र निर्माण में विज्ञान की भूमिका को सुदृढ़ करने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।




# बिहारशरीफ वाईपास में सोमानी टाइल्स शो रूम का भव्य उद्घाटन




विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ वाईपास में सोमानी टाइल्स के नए शो रूम का भव्य उद्घाटन नालंदा के सांसद कौशलेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग और व्यवसायी उपस्थित रहे।

रहे हैं।सोमानी टाइल्स के प्रोपराइटर रघुवेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि बिहारशरीफ शहर में ग्राहकों को उचित कीमत पर ब्रांडेड टाइल्स, मार्बल और सैनिटरी सामान उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम लोगों की पहुंच में उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराना



इस अवसर पर सांसद ने कहा कि बिहार तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि राज्य में भय का माहौल समाप्त हुआ है और सुशासन का राज स्थापित हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार मॉडल का अनुसरण अब अन्य राज्य भी कर

उनका उद्देश्य है।

समारोह में लालगंज विधायक संजय सिंह सहित अभय सिंह राठौर, ज्ञानेंद्र कुमार, रविंद्र कुमार एवं अन्य अतिथि मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने नए शो रूम के उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए व्यवसाय की सफलता की कामना की।

# कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी अब्दुल मन्नान को भावभीनी विदाई, शिक्षकों ने किया सम्मान

आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड के बीआरसी भवन सभागार में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अब्दुल मन्नान के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक अजय प्रसाद ने की। समारोह में शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रजनीश कुमार ने कहा कि किसी भी प्रखंड की प्रगति में शिक्षा विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि अब्दुल मन्नान की प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा उनके व्यक्तित्व की पहचान रही है। एक अधिकारी अपने पद से नहीं, बल्कि अपने कार्य और व्यवहार से पहचाना जाता है।

पूर्व जिला परिषद सदस्य रणवीर सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास हुए। विद्यालयों में नियमित निरीक्षण और शिक्षकों के मार्गदर्शन से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा




को बढ़ावा मिला। वहीं पूर्व प्रखंड प्रमुख धनंजय ने कहा कि उनके नेतृत्व में कई विद्यालयों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला।

समारोह में शिक्षकों ने अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष रजनीश कुमार मुन्ना सहित संतोष कुमार, सतीश प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार, संजय कुमार वर्मा, संजय सिंह, चंदन कुमार सिंह, उमाकांत प्रसाद, धीरज कुमार, मुकेश कुमार, भूषण कुमार और प्रिंस कुमार वर्मा सहित कई शिक्षक उपस्थित थे। सभी ने उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा


# नालंदा ने लगातार तीसरी जीत के साथ मगध जोन खिताब जीता, गया को 71 रन से हराया




विजय प्रकाश उर्फ पिन्टू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी में बिहार क्रिकेट संघ के घरेलू सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित बीसीए सीनियर मेंस वन डे ट्रॉफी (मगध जोन) का छठा एवं अंतिम मुकाबला शनिवार को नालंदा और गया के बीच खेला गया। एसएससीसीसी खेल मैदान, पावापुरी में आयोजित इस मैच में नालंदा ने लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए मगध जोन का खिताब अपने नाम किया।

टॉस जीतकर गया की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। 45 ओवर के मुकाबले में नालंदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 256 रन बनाए। टीम की ओर से अंकित राज ने 62, कुश ने 56, राजामणि ने 39, मनीष ने 28, लव ने 13 तथा कुंदन ने 10 रन का योगदान दिया। गया की ओर से निक्कू और प्रीतम ने तीन-तीन विकेट झटके, जबकि सागर और मुकेश को एक-एक सफलता मिली।लक्ष्य का पीछा करने उतरी गया की टीम 23.5 ओवर में 185 रन पर सिमट गई। सय्यद मोहम्मद शैफ ने 59, मंगल ने 37, राजन ने 24, यशराज ने 20 और निक्कू ने 19 रन बनाए। नालंदा की ओर से आदित्य राज और राजामणि ने तीन-तीन विकेट लिए, सुमन सौरभ ने दो तथा अंकित ने एक विकेट हासिल किया।मैच के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अंकित राज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर क्रिकेट एसोसिएशन नालंदा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, सचिव गोपाल कुमार सिंह समेत कई पदाधिकारी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि नालंदा ने पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी मगध जोन का खिताब अपने नाम किया।

# शिव गुरु इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी और बाल मेला आयोजित



हिलसा (अपना नालंदा)।हिलसा शहर के बिहार रोड स्थित दवौल गली में अवस्थित शिव गुरु इंटरनेशनल स्कूल, हिलसा के प्रांगण में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने विज्ञान एवं कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

वक्ताओं ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अतिरिक्त गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी ही विद्यार्थियों को सफलता के उच्च शिखर तक पहुंचाती है। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे संस्थान के निदेशक विजेंद्र शर्मा, जिला आइकन डॉ. आशुतोष कुमार मानव, निजी विद्यालय संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा तथा प्रवक्ता संतोष कुमार पार्थ सहित अन्य शिक्षाविदों और अभिभावकों ने बच्चों के प्रोजेक्ट की सराहना की और उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मांडवी कुमारी ने अतिथियों का स्वागत फूलमाला, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सामाजिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने का निरंतर प्रयास किया जाता है।

प्रदर्शनी में सोशल मीडिया का महत्व, बदलता स्कूल, पार्क, पुस्तकालय, जल-जीवन-हरियाली, चंद्रयान, जैविक खेती, सौरमंडल, स्मार्ट घर, पवन चक्की, उपग्रह, वर्षा जल संचयन, स्मार्ट सिटी, गीला एवं सूखा कचरा प्रबंधन तथा आदर्श ग्राम जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए। पाक कला में भी बच्चों ने लजीज व्यंजन बनाकर सबका मन मोह लिया।मौके पर विश्वनाथ सिंह, राखी कुमारी, ज्योति कुमारी, सरस्वती कुमारी, संतोषी कुमारी, शीतल काजल, विद्या सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# न्यू आदर्श विद्या मंदिर में विदाई की भावुक घड़ी के साथ रंगों भरा होली मिलन समारोह



हिलसा (अपना नालंदा)।हिलसा शहर प्रखंड कार्यालय कॉलोनी स्थित न्यू आदर्श विद्या मंदिर, हिलसा के प्रांगण में शनिवार को आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं लाल फीता काटकर की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला आइकॉन एस.के. मानव तथा निजी विद्यालय के प्रवक्ता संतोष कुमार ने कहा कि होली खुशियों और आपसी भाईचारे का त्योहार है, जिसे सुरक्षित तरीके से गुलाल के साथ मनाना चाहिए, क्योंकि रासायनिक रंग शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। विद्यालय के निदेशक महेश प्रसाद ने कहा कि संस्थान आठवीं कक्षा तक बिहार सरकार से मान्यता प्राप्त है और यहां बेहतर गुणवत्ता के साथ पठन-पाठन कराया जाता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

प्रधानाध्यापक राकेश कुमार ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ विज्ञान प्रदर्शनी, पाक कला कार्यक्रम, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारा जाता है।

समारोह के अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन मनाया। मौके पर सुरूची कुमार, विनोद प्रसाद, पिंटू कुमार, नीशु कुमारी, विट्टू कुमार, नीरज कुमार, संतोष कुमार, रिया कुमारी, जेपीएस, राखी कुमारी और सविता कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# थरथरी के विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी, परीक्षा तैयारी पर चर्चा




थरथरी (अपना नालंदा)।थरथरी प्रखंड के दर्जनों सरकारी विद्यालयों में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में 'परीक्षा की तैयारी: हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) पुष्पा कुमारी ने बताया कि भतहर, श्रीनगर, झूलन विगहा, सलेमपुर, पमारा, नरारी, बस्ता, मकुनंदन विगहा, जैतपुर, बेरमा, छोटी छरियारी गंगा विगहा, कचहरीया तथा रघुनाथपुर नया टोला सहित अन्य विद्यालयों में शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बैठक आयोजित की गई।उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करना तथा घर और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। इस बार विशेष रूप से परीक्षा की तैयारी को लेकर बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं डालने और सकारात्मक माहौल बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की पढ़ाई पर नियमित नजर रखें, समय प्रबंधन में सहयोग करें तथा घर पर शांत और प्रेरणादायक वातावरण उपलब्ध कराएं। अभिभावकों ने भी विद्यालय की पहल की सराहना करते हुए बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सक्रिय सहयोग का भरोसा दिया।

संगोष्ठी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# रूपन विगहा प्राथमिक विद्यालय में बाल मेला, बच्चों ने दिखाया उत्साह



थरथरी (अपना नालंदा)।थरथरी प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रूपन विगहा के प्रांगण में शनिवार को सपोर्ट फ्री प्राइमरी कार्यक्रम के तहत बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र चौधरी ने की।बाल मेला के दौरान विद्यालय परिसर बच्चों की चहल-पहल और उत्साह से गुलजार रहा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए खेल-खेल में शिक्षा, रचनात्मक गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण भी किया गया। प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रारंभिक कक्षाओं में खेल-आधारित शिक्षा बच्चों की नींव मजबूत करती है। ऐसे आयोजन से बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को बढ़ावा मिलता है तथा उनमें आत्मविश्वास का संचार होता है।

कार्यक्रम में संकुल समन्वयक मो. इम्तियाज हुसैन, उपेंद्र प्रसाद, एमडीएम प्रखंड प्रभारी विक्की कुमार, अजय कुमार, कृष्ण कुमार, प्रेमलता सिन्हा, जितेन्द्र पासवान, ब्रजेश कुमार, रिंकू कुमारी, प्रभा कुमारी, रणधीर कुमार, सेविका इन्दू सिन्हा, सचिव कृति देवी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।बाल मेला उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# बराह में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर, 250 लोगों की एचआईवी जांच



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी के निर्देशन में 24 फरवरी से चल रहे एड्स/एचआईवी एवं यौन संचारित रोगों की रोकथाम अभियान के तहत शनिवार को प्रखंड के बराह गांव में एक दिवसीय स्वास्थ्य सह जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम, जिसमें लैब टेक्नीशियन रंजीत कुमार, सीएचओ श्याम कुमार, मेंबल कृस्टी, डीएसआरसी काउंसलर प्रभाकर कुमार तथा सीएचआरआई टीम शामिल थी, ने लगभग 250 लोगों की एचआईवी जांच, टीबी स्क्रीनिंग और सिफलिस जांच की।

नोडल पदाधिकारी सह संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी (सीडीओ) डॉ. राकेश कुमार ने शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि एचआईवी और टीबी के बीच गहरा संबंध है, इसलिए दोनों बीमारियों के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से निःशुल्क जांच सुविधा का लाभ उठाने और किसी भी लक्षण के दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने एड्स से बचाव, उसके लक्षण और सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार और सही जानकारी ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।मौके पर बीसीएम प्रमीला राय, रीचा कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। शिविर में लोगों को संक्रमण के कारण, जांच प्रक्रिया और बचाव उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# हासनचक घटेश्वर मंदिर में रुद्र महायज्ञ का भव्य समापन



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।प्रखंड के डिहरी पंचायत अंतर्गत हासनचक गांव स्थित नव निर्मित घटेश्वर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ का समापन शनिवार को पूर्णाहुति एवं भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुआ। दोपहर से देर शाम तक चले भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच आयोजन समिति की ओर से पूरी, बुंदिया और सब्जी का वितरण किया गया।

यज्ञकर्ता अयोध्या धाम से पधारे बाबा अमरकांत पाण्डेय ने बताया कि समापन अवसर पर अयोध्या धाम से आए आचार्य रवि कृष्णा दुबे ने कृष्ण-सुदामा की प्रेममयी मित्रता की कथा का भावपूर्ण मंचन किया। "जिंदगी एक किराये का घर है" और "होली खेले रघुबिरा" जैसे भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

समापन चर्चा के दौरान श्रद्धालुओं ने आचार्यों एवं पंडितों को अंगवस्त्र और दान-दक्षिणा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। आचार्य एवं कथावाचक ने कलश यात्रा और प्राण प्रतिष्ठा के पावन क्षणों को स्मरण कर सभी को आशीर्वाद दिया। विदाई के समय कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।कार्यक्रम में ग्रामीणों में अवधेश कुमार उर्फ पप्पू, पूर्व सरपंच कारू राम, ललन पासवान, रुदल पासवान, पत्रकार सुनील कुमार, सरपंच राजकुमार सहित दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ।

# पैठना में 24 घंटे अखंड कीर्तन का शुभारंभ, निकली भव्य कलश यात्रा



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।रहूई प्रखंड के पैठना गांव में आध्यात्मिक वातावरण के बीच 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। सुबह से ही गांव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र "हरे रामा हरे कृष्णा" के जयघोष से गूंज उठा।

कलश शोभायात्रा गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ पैठना गांव से निकली। श्रद्धालु धमोली डीह ब्रह्मस्थान पहुंचे, जहां विधि-विधान से गंगाजल भरा गया। इसके बाद शोभायात्रा पुनः कीर्तन स्थल पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर अखंड कीर्तन प्रारंभ किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बेना थाना की पुलिस टीम विधि-व्यवस्था बनाए रखने में मुस्तैद रही।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। भक्तों ने मार्गभर भक्ति गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

पैठना मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार उर्फ पिंकू ने बताया कि क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और विकास की कामना से यह आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं।आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था की गई है। अखंड कीर्तन के समापन पर हवन और पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन होगा। यह आयोजन क्षेत्र में विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है।